# गर्मियों में फैशनेबल लुक देंगी ये एथनिक जैकेट्स

गर्मियां आने वाली हैं और इसी के साथ नया फैशन ट्रेंड दस्तक देने वाला है। गर्मियों के आते ही मन करता है कि हल्के-हल्के रंगों वाले कुर्ते, शॉर्ट्स, ड्रेसेस और गाउन पहनें। कई लोगों ने गर्मियों के लिए शॉपिंग भी शुरू कर दी होगी। अगर आप भी शॉपिंग की प्लानिंग कर रही हैं तो इस बार जैकेट स्टाइल कुर्ते ट्राई कर सकती हैं। हमेशा की तरह इस बार भी जैकेट स्टाइल कुर्ते ट्रेंड में रहने वाले हैं।


वैसे तो मार्केट में कई तरह के जैकेट अभी भी उपलब्ध हैं और आप चाहे तो उन्हें ट्राई कर सकती हैं, इसके अलावा आने वाले सीज़न में जैकेट्स की कई वराइटी मार्केट में दस्तक देंगी।

प्रिंट वाली यह जैकेट किसी भी लॉन्ग कुर्ते के साथ आराम से कैरी की जा सकती है और यह आपके पूरे लुक को एक फंकी लुक देगी। और अगर इस जैकेट को ब्लैक कलर के कुर्ते के साथ पहना जाए तो फिर कहने ही क्या। इस बार गर्मियों में आप अपने वॉरड्रोब में इस जैकेट को शामिल कर सकती हैं। मल्टीकलर्ड यह जैकेट आपको पहनने के बाद एक ट्रडिशनल लेकिन क्लासिक लुक देगी।

कढ़ाई वाली यह एथनिक जैकेट आने वाले सीजन में काफी डिमांड में रहने वाली है। भले ही इसपर मौजूद गरबा डिजाइन नवरात्र के सीजन की फील दे रहा हो, लेकिन आप इसे किसी भी मौके पर आराम से कैरी कर सकती हैं।

रेड कलर की इस फैंसी जयपुरी जैकेट में मिरर वर्क है, जो इसे और भी क्लासिक व एथनिक लुक देता है। यह यकीनन आपको पसंद आएगी।

हैंडीक्राफ्ट जैकेट्स की शौकीन हैं, तो यह राजस्थानी जैकेट भी आप ट्राई कर सकती हैं। ब्लू कलर की इस जैकेट पर कई रंगों के धागों से काम किया गया है।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



# थ्रिलर, एक्शन फिल्मों में काम करना पसंद : डायना

कॉकटेल की अभिनेत्री डायना पेंटी का कहना है कि वह एक थ्रिलर और फुल एक्शन फिल्म में काम करना पसंद करेंगी। डायना ने कहा, मैं ऐसी फिल्मों को चुन कर सबसे ज्यादा उत्साहित होती हूं, जो एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हों, जो एक कलाकार के रूप में आपको हर बार अलग तरह की भूमिकाएं निभाने को देती हों। ये आपको अपने आराम क्षेत्र से बाहर कदम रखने और आपको ऐसे किरदार निभाने का मौका देती हैं, जो इससे पहले आपने कभी नहीं निभाए थे, ऐसी शैली जिसमें पहले आपने काम नहीं किए थे।

परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरण की अभिनेत्री ने कहा, यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है और यही वह चीज है, जो मुझे एक कलाकार के रूप में प्रेरित करती है और जब मैं हर तरह की शैली और फिल्मों में काम करने के लिए तैयार हूं। मैं थ्रिलर फिल्मों और एक्शन फिल्म में काम करना पसंद करूंगी। यह पूछने पर कि एक सफल कलाकार होने का श्रेय क्या वह अपने कैटवॉक के दिनों को देती हैं? उन्होंने कहा, बिल्कुल, मैं आज जहां भी हूं अपने मॉडलिंग की वजह से हूं और मैं हमेशा उसके लिए आभारी रहूंगी।

## शक्ति-अस्तित्व के एहसास की में मौली गांगुली बनेंगी रोहित रॉय की पत्नी

अबिगेल पांडे और रोहित रॉय के बाद शक्ति-अस्तित्व के एहसास की में शामिल होने जा रही हैं मौली गांगुली, जिसमें लीड रोल में हैं रुबीना दिलैक और विवियन डीसेना। इस शो में मौली रोहित की पत्नी की भूमिका में नज़र आएंगी।

मौली इससे पहले जमाई राजा में नजर आई थीं। उन्होंने कहा, मैं इस सीरियल में पॉज़िटिव कैरक्टर में नजर आऊंगी, जो कि इमोशनल और स्वीट है। मैंने काफी लंबे समय से ऐसा रोल नहीं किया है, क्योंकि मुझे ज्यादातर स्ट्रॉन्ग कैरक्टर का ही रोल मिला है। उन्होंने आगे कहा, मेरी उम्र के ऐक्टर्स को आमतया टीवी पर मजेदार रोल नहीं मिलते, क्योंकि इस मीडियम में कुछ खास बंधन हैं। मैं चाहती हूं कि हर दिन सेट पर खुद को प्रेरित महसूस करूं और इसलिए मैं काम को लेकर सिलेक्टिव हो गई हूं। मुझे ऐक्टिंग काफी पसंद है, लेकिन अपने रोल में किक या चैलेंज नजर नहीं आता है तो बहुत जल्द बोर हो जाती हूं।

# 12 ऐक्ट्रेसेज को पछाड़कर संगीता घोष बनीं पिशाचिनी



छोटे पर्दे पर इन दिनों सुपरनैचरल शोज का बोलबाला है। इसी कड़ी में अब एक और नया शो दिव्य दृष्टि जुड़ने जा रहा है। स्टार प्लस के इस सुपरनैचरल शो में ऐक्ट्रेस संगीता घोष पिशाचिनी की भूमिका में नजर आएंगी। खास बात यह है कि इस रोल के लिए संगीता से पहले एक, दो नहीं, बल्कि पूरे एक दर्जन भर ऐक्ट्रेसेज से बात की गई थी, लेकिन किसी से बात नहीं बनी। आखिरकार, संगीता को इस किरदार के लिए फाइनल कर लिया गया।

जानकारी के मुताबिक, इस रोल के लिए संगीता के अलावा रितु शिवपुरी, शमा सिकंदर, रिद्धी डोगरा, मुग्धा गोडसे, सना खान, कश्मीरा शाह, पाओली दाम, नीरू बाजवा आदि अदाकाराओं से संपर्क किया गया था। लेकिन लुक टेस्ट के बाद संगीता इस किरदार के लिए परफेक्ट साबित हुईं। देश में निकला होगा चांद, मेंहदी तेरे नाम और रिश्तों का चक्रव्यूह जैसे सीरियल्स के लिए मशहूर ऐक्ट्रेस संगीता घोष पहले सीरियल रिश्तों का चक्रव्यूह में भी नकारात्मक भूमिका निभा चुकी हैं।

# 'मैं करियर में पहली बार एक्शन कर रही हूं और काफी नर्वस हूं: स्वरा भास्कर



अभिनेत्री स्वरा भास्कर क्राइम थ्रिलर सीरीज 'फ्लेश' में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका की तैयारी में जुटी हुई हैं, औऱ इसके लिए वह एक्शन वर्कशॉप्स में भाग ले रही हैं। इरोस नाउ के एक शो 'फ्लेश' वैश्विक मानव तस्करी उद्योग के इर्द-गिर्द घूमता है।

इसमें दिखाया जाएगा कि एक पुलिस अधिकारी किस तरह मामले से निपटती है। स्वरा ने कहा, ''यह रोमांचक और स्पष्ट रूप से डराने वाला है। हमारे समाज के असली हीरो बहादुर और ईमानदार पुलिस अधिकारी हैं और यह उनकी चुनौतियों और सीमाओं के बारे में जानने, उन्हें सीखने का अनुभव है, जिसके तहत पुलिस काम करती है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि बलों में कार्यरत महिलाएं -चाहे सशस्त्र बल हो या कानून प्रवर्तन एजेंसियां- बहुत खास हैं, क्योंकि एक समाज होने के नाते हम उम्मीद करते हैं कि पुरुष रक्षक और प्रवर्तक बनें और महिलाएं प्रदाता बनें। इसलिए महिला पुलिस अधिकारी वास्तव में पारंपरिक रूप से पुरुषों के लिए निर्धारित भूमिकाओं को अपना कर सीमाओं को तोड़ रही हैं और मैं इसे बहुत प्रेरक मानती हूं।'' एक सूत्र के अनुसार, स्वरा ने उन पुलिस अधिकारियों के साथ भी बातचीत की, जिन्होंने मानव तस्करी के मुद्दे को बेहतर ढंग से समझने के लिए काम किया है। एक्शन दृश्यों को लेकर स्वरा ने कहा, ''मैं अपने करियर में पहली बार एक्शन कर रही हूं और मैं काफी नर्वस हूं। मैंने हबीब-रिजवान (एक्शन डायरेक्टर्स) के साथ कुछ बुनियादी प्रशिक्षण लिए हैं।''